आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

21.04.2024 समय : 1850

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय और केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सी.बी.आई. को स्वतंत्र रूप से कार्य करने देना चाहिए।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए चौंसठ दशमलव एक शून्य प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले।
- कड़ी सुरक्षा के बीच बाहरी द्वीपों से भी ई वी एम और वी वी पैट को पोर्ट ब्लेयर लाया गया–कुछ सामग्रियां कल तक पोर्ट ब्लेयर पहुंच जाएंगी।
- पोर्ट ब्लेयर के वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम शुरू हो गया है।
- अंडमान निकोबार अग्निशमन और आपातकालीन सेवा के तीन अधिकारियों को अग्नि सेवा के महानिदेशक के डीजी डिस्क और प्रशस्ति प्रमाणपत्र से सम्मानित करने की घोषणा की गई है।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय और केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सी.बी.आई. को स्वतंत्र रूप से कार्य करने देना चाहिए और सरकार तथा राजनेताओं को इनके कामकाज में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। एक निजी चैनल के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि केन्द्रीय एजेंसियां अपना काम कर रही हैं और प्रधानमंत्री को भी प्रर्वतन निदेशालय के काम में हस्तक्षेप का अधिकार नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार देश के प्रत्येक नागरिक और खासकर गरीबों को सशक्त बनाने के मॉडल पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि नागरिकों के बोझ को कम करना सरकार का उत्तरदायित्व है। प्रधानमंत्री ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी या प्रधानमंत्री द्वारा नहीं लडा जा रहा है, बल्कि यह जनता की एक पहल है। उन्होंने कहा कि देश ने पिछले तीन दशकों में अस्थिर सरकारें देखी हैं, जिनके कारण देश का विकास बाधित हुआ है। श्री मोदी ने कहा कि अब मतदाता यह अनुभव कर रहे हैं कि एक स्थिर सरकार क्या–क्या कर सकती है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में हाल ही में सम्पन्न हुए चुनाव में कुल मतदान के आंकड़ों में मामूली वृद्धि हुई है। निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने बताया कि द्वीपों का मत प्रतिशत बढ़कर चौंसठ दशमलव एक शून्य हो गया है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण मतदान के बाद चुनाव सामग्रियों को जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के एकत्र केन्द्र के स्ट्रॉन्ग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच रखा जा रहा है। पोर्ट ब्लेयर और फरारगंज तहसील से मतदान के समाप्ति के बाद ई वी एम और वी वी पैट मशीन कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रॉन्ग रूम में रखा गया है। स्वराज द्वीप, शहीद द्वीप, रंगत, लिटिल अंडमान और कार निकोबार से भी मतदान सामग्रियां पोर्ट ब्लेयर पहुंच चुकी है और इन्हें भी स्ट्रॉन्ग रूम में रखा गया है। मतदान सामग्रियों को लाते समय सी आर पी एफ के साथ कार्यकारी मजिस्ट्रेट भी साथ थे और मतदान सामग्रियों को प्राप्त करने की प्रकिया की निगरानी के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी एस जगलान, निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा, पर्यवेक्षकों और चुनाव तथा अन्य पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे। इस पर लगातार निगरानी बरती जा रही हैं। कल सुबह तक कैम्पबेल बे और कमोर्टा से भी मतदान सामग्रियां पोर्ट ब्लेयर पहुंचेंगी और इन्हें भी कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जाएगा। अंडमान निकोबार पुलिस तथा सी आर पी एफ चौबीसों घंटे सुरक्षा ड्यूटी में तैनात है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों की मतदान दस्तावेजों की जांच का कार्य कल जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में किया गया। भारतीय चुनाव आयोग के निर्देशानुसार द्वीपों के निर्वाचन अधिकारी अर्जुन शर्मा ने जांच कार्य को अंजाम दिया। इस अवसर पर सामान्य पर्यवेक्षक  बी एन सिंह के अलावा चुनाव में खड़े उम्मीदवार और चुनाव एजेंट भी उपस्थित थे। मतदान दस्तावेजो की जांच पर सभी उम्मीदवारों व चुनावी एजेंटों और प्राधिकृत प्रतिनिधियों ने अपनी संतुष्टि प्रकट की।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर के वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम शुरू हो गया है। हाल ही में इंडिगो फ्लाइट इस प्रणाली का उपयोग करते हुए सुबह छः बजकर उनतीस मिनट पर हवाई अड्डे पर उतरी। हवाई अड्डा निदेशक देवेन्दर यादव ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है और इससे हवाई नेवीगेशन को और मजबूती मिलेगी तथा विमानों के संचालन को भी सुरक्षित किया जा सकेगा। भारतीय विमानन प्राधिकरण इस परियोजना पर पिछले दस वर्षों से कार्य कर रहा था और इस दौरान कई चुनौतियां भी आई, लेकिन लगातार प्रयासों के बाद सभी चुनौतियों से पार पाते हुए पोर्ट ब्लेयर में इसे सफल बनाया गया। अब कम दृश्यता, खराब मौसम और रात के समय में भी विमानों की सुरक्षित संचालन हो पाएगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार अग्निशमन और आपातकालीन सेवा के तीन अधिकारियों को अग्नि सेवा के महानिदेशक के डीजी डिस्क और प्रशस्ति प्रमाणपत्र से सम्मानित करने की घोषणा की गई है। अग्नि सेवा सप्ताह मनाए जाने के सिलसिले में देशभर के विभिन्न राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए इसकी घोषणा की गई है। इसमें अंडमान निकोबार अग्निशमन के तीन अधिकारी और कर्मचारी शामिल है। जिनको यह सम्मान मिला है, उनमे अग्निशमन के उप–पुलिस अधीक्षक संदीप लांबा, इंस्पेक्टर फायर ब्रिगेड जे. एडविन फार्नांडिस और सब–इंस्पेक्टर एस. सानिल शामिल हैं। द्वीपों के पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि वे इसी तरह अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते रहेंगे और दूसरों के लिए भी प्रेरणा बनेंग।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए आम जनता को लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसका उद्देश्य द्वीपसमूह की जनता ऐसे अपराधियों के चंगुल से बच सके और उनकी गाढ़ी कमाई व्यर्थ न जाए। परामर्श में कहा गया है कि साइबर अपराधी रोज नए–नए तरीके अपनाकर भोली–भाली जनता को गुमराह कर वित्तीय धोखाधड़ी में करने में सफल हो जाते हैं। इसकी रोकथाम के लिए आम जनता का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है और समय–समय पर जारी परामर्श का उन्हें पालन करना चाहिए, ताकि वे धोखाधड़ी का शिकार होने से बच सके। पुलिस ने आम जनता से इस तरह की किसी भी मामले के लिए साइबर अपराध पुलिस थाना में संपर्क करने को कहा है। राष्ट्रीय हेल्पलाइन नम्बर एक नौ तीन शून्य या पुलिस साइबर हेल्पलाइन नम्बर नौ पांच तीन एक आठ पांच छः शून्य आठ तीन पर भी संपर्क करने की सलाह दी गई  है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन छः मई से गर्मी की छुट्टियों के दौरान कोचिंग शिविर का आयोजन करेगा। खालसा पब्लिक स्कूल के सहयोग से स्कूल में इक्कीस जून तक चलने वाले इस शिविर में पांच से तेरह वर्ष आयु वर्ग के बच्चे भाग ले सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागियों से एक मई तक अपने नाम चेस एसोसिएशन के कार्यालय में जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की इस वर्ष सोलह जून को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा—नेट के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी— एन.टी.ए. की वेबसाइट पर पंजीकरण प्रारम्भ हो गया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि पंजीकरण दस मई तक किया जा सकेगा और शुल्क जमा करने की अंतिम तारीख बारह मई है।

<><><><><><><>